पेज थ्री
देहरादून

# हमारा दून

देहरादून मंगलवार 21 जुलाई 2020



यमुना कालोनी में भाजपा कार्यकर्ताओ ंव क्षेत्रवासियों ने चलाया सफाई अभियान।



## संक्षिप्त समाचार

### एम्स ऋषिकेश में भर्ती कोरोना संक्रमित एक मरीज की हुई मौत

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में भर्ती टीबी रोग पीड़ित कोरोना वायरस संक्रमित मरीज की सोमवार को मौत हो गई। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल के मुताबिक ऋषिकेश सर्वहारा नगर निवासी 58 वर्षीय मरीज बीते रविवार को ओपीडी में आया था। उसकी कोविड जांच की गई। इस मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। सोमवार की सुबह इस मरीज की मौत हो गई। प्रशासन को सूचित कर दिया गया है। नजदीकी श्मशान घाट में शव का अंतिम संस्कार गाइडलाइन के मुताबिक किया जाएगा।

### गोल्डन फॉरेस्ट के वादों की सुनवाई की जाएगी

**संवाददाता** देहरादून। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरविंद पांडे ने अवगत कराया है कि पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त राज्य के न्यायालय में गोल्डन फॉरेस्ट के वाद विचारधीन है, जिनकी सुनवाई 24 जुलाई 2020 को की जानी है। उन्होंने सभी पक्षकारों को सूचित किया है कि 24 जुलाई 2020 को अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व के न्यायालय में गोल्डन फॉरेस्ट के वादों की सुनवाई की जाएगी, जिसमें वादियों की उपस्थिति आवश्यक है।

### यमुना कालोनी में भाजपा कार्यकर्ताओ ंव क्षेत्रवासियों ने चलाया सफाई अभियान

**संवाददाता** देहरादून। दून कैंट विधायक हरबंस कपूर ने यमुना कालोनी में अपने कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय लोगों के साथ सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान भी किया। इस अवसर पर विधायक कपूर ने कहा कि इस स्थान की सफाई हो चुकी है यहां पर बच्चों के खेलने के लिए पार्क बनाएंगे बहुत जल्द मैदान के चारो ओर सुरक्षा दीवार बनवाने व लाईट लगवाने की भी घोषणा की और इसके लिए शीघ्र ही कार्ययोजना तैयार की जायेगी।

### नितिन गडकरी ने अमेजन के एक्सपोर्ट डाइजेस्ट 2020 का उद्घाटन किया

**संवाददाता** देहरादून। नितिन गडकरी, माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रीय और केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार ने अमेजन इंडिया 'एक्सपोर्ट्स डाइजेस्ट 2020' का उद्घाटन किया, जो मजबूती से इस बात की पुष्टि करता है कि एमएसएमई सेक्टसर का तेजी से पुनरुद्धार करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देना होगा।

# कल्याणकारी योजनाओं का किसानों को मिलेगा फायदाः मुख्यमंत्री


**शुभारम्भ**

■बहुद्देशीय साधन सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण का शुभारम्भ

■सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण से कार्यों में पारदर्शिता व तेजी आयेगी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखण्ड की बहुद्देशीय साधन सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण का शुभारम्भ किया। अगले 06 माह में में सभी सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूर्ण हो जायेगा। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि सहकारी समितियों के कम्प्यूटरीकरण से कार्यों में पारदर्शिता व तेजी आयेगी। इससे किसानों को बहुत सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के कारण उत्तराखण्ड के लोग काफी संख्या में वापस आये हैं। कृषि एवं उससे सबंधित क्षेत्रों में राज्य एवं केन्द्र सरकार का विशेष ध्यान है। बहुद्देशीय साधन सहकारी समितियों में ऑनलाईन की प्रक्रिया से केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।



मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के अध्यक्ष जी.आर चिंतला से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से वार्ता की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निगमों का विस्तार किया गया गया है। लेकिन विस्तारित क्षेत्र में कृषि कार्यों के लिए बहुत सम्भावनाएं हैं और लोग कृषि कार्य कर रहे हैं। नाबार्ड द्वारा ऐसे क्षेत्रों में क्या योगदान दिया जा सकता है, इस पर जरूर विचार किया जाय।इससे ऐसे क्षेत्रों में कार्य करने वाले किसानों को बड़ा फायदा होगा। राज्य में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। महिला समूहों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार हर सम्भव प्रयास कर रही है। राज्य में महिला समूहों को 05 लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। नाबार्ड की ओर से महिला समूहों को और बढ़ावा देने के लिए सहयोग की आवश्यकता होगी। लघु एवं सीमांत कृषकों को भी ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि क्रॉप ऋण के लिए अभी राज्य को नाबार्ड से 500 करोड़ का लोन मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों को फायदा पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को नाबार्ड से लगभग एक हजार करोड़ रूपये की आवश्यकता होगी। नाबार्ड के अध्यक्ष श्री जी.आर चिंतला ने कहा कि राज्य को हर सम्भव मदद की जायेगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य में 670 बहुद्देशीय साधन सहकारी समिति हैं। इन समितियों के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले, इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक लि. दान सिंह रावत, मुख्यमंत्री के तकनीकि सलाहकार डॉ. नरेन्द्र सिंह, आईटी सलाहकार रवीन्द्र दत्त, सचिव सहकारिता आर.मीनाक्षी सुंदरम, निबंधक बाल मंयक मिश्रा, अपर निबंधक आनन्द शुक्ला, श्रीमती ईरा उप्रेती आदि उपस्थित थे।

### स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना जरूरीः चिंतला

नाबार्ड के अध्यक्ष जी.आर चिंतला ने कहा कि कोविड के दौर में एग्रीकल्चर सेक्टर को बढ़ावा देना जरूरी है। स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देना जरूरी है। फॉर्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन पर नाबार्ड ने विशेष ध्यान दिया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता को अधिक से अधिक बढ़ावा देना जरूरी है। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया गया है। यह महिला सशक्तीकरण की दिशा में अच्छा प्रयास है।

# राज्य में जल्द होगी भूमि बंदोबस्त की प्रक्रिया

**शिलान्यास**

■राजकीय महाविद्यालय खैरासैंण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को खैरासैंण, सतपुली में राजकीय महाविद्यालय खैरासैंण का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भूमि बन्दोबस्त लंबे समय से नहीं हुआ है। राज्य में जल्द भूमि बंदोबस्त की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि भूमि पर अपने पति के साथ महिलाओं का अधिकार भी हो, ताकि उन्हें लोन लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस पर भी सरकार जल्द निर्णय लेगी। पर्वतीय क्षेत्रों में खेती का अधिकांश कार्य महिलाएं करती हैं।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 07 करोड़ 27 लाख रूपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें खैरासैंण में डिग्री कॉलेज भवन निर्माण के लिए 03 करोड़ 06 लाख रूपये, कम्यूनिटी टूरिज्म को प्रोत्साहन देने हेतु खैरासैंण (सतपुली)में पर्यटक परिसर के निर्माण हेतु 01 करोड़ 84 लाख रूपये, खैरासैंण–बयाली मोटर मार्ग पर लोडिंग स्टील गर्डर सेतु के निर्माण हेतु 01 करोड़ 74 लाख रूपये एवं खैरासैंण–बयाली मोटर मार्ग के डामरीकरण हेतु 63 लाख रूपये के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने खैरासैंण में डिग्री कॉलेज, इण्टर कॉलेज एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए अपनी कीमती भूमि शिक्षा के लिए दान करने पर खैरासैंण की जनता का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 150 प्रकृति के कार्यों को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के तहत छोटे–छोटे सोलर प्रोजक्ट लगाये जायेंगे। जिससे 10 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। सीएम ने कहा कि कोटद्वार में अर्द्ध सैनिक बलों के लिए कैंटीन के लिए भूमि दी जायेगी। सतपुली में पार्किंग के लिए 3 करोड़ 26 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। यहां पर भवन एवं पब्लिक यूटिलिटी की व्यवस्थाएं भी की जायेंगी।

### साप्ताहिक बंदी को 15 अगस्त तक स्थगित करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार व रविवार की दो दिन की साप्ताहिक बंदी को त्यौहारों को देखते हुए 15 अगस्त तक स्थगित किये जाने की मांग को लेकर क्रेजी वॉरियर व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया है। यहां क्रेजी वॉरियर व्यापार मंडल से जुड़े हुए व्यापारी प्रदेश अध्यक्ष अक्षत जैन के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां पर उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए जिसमे मुख्य रूप से रक्षा बंधन ,जन्माष्टमी ,15 अगस्त व ईद शामिल है, और बाजारो में पुरानी व्यवस्था सुचारु रूप से बहाल की जाए जिसमे प्रशासन द्वारा व्यापारियों को प्रात सात से साय छह बजे तक बाजार खोलने की अनुमति दी जाए व इसका सख्ती से अनुपालन कराया जाए। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।